सरकूलर नं0 APMA/AGTWA/DMTA/02 दिनांक : 22–01–2018

"सिलिंग के विरोध में मंगलवार 23 जनवरी, 2018 को बन्द"

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार पुनः दिल्ली में सीलिंग शुरू हो चुकी है। व्यापारियों की किसी भी स्तर पर कोई सुनवायी नहीं हो रही है। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए मोटर पार्ट्स की व्यापारियों की शीर्ष संस्था अपमा ने **"कंफैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स" एवं "चैम्बर ऑफ ट्रेड एंड इण्डस्ट्रीज" के मंगलवार 23 जनवरी 2018 को दिल्ली बन्द के आवाहन् का समर्थन करते हुए पूर्ण रूप से कश्मीरी गेट एवं मोरी गेट के व्यापार बन्द करने का निर्णय लिया है।**

ऐसा लगता है कि जैसे सरकार और माननीय न्यायालय व्यापारियों को उजाड़ने पर तुले हुए हैं। व्यापारियों की धैर्य की सीमा अब समाप्त हो चुकी है। इससे पहले कि हम व्यापार बन्द होने पर सड़क पर आयें, हमें अभी सड़कों पर उतरकर इस सरकार को समझाना होगा कि व्यापार नहीं तो सरकार भी नहीं। अब आर–पार की लड़ाई है। जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

बन्धुओ, जब सरकार व्यापारियों से हाउस टैक्स, व्यापार टैक्स, ट्रेड लाईसेंस, बिजली, पानी, इत्यादि टैक्स लेती आ रही है तो फिर दुकानें/प्रतिष्ठानों पर सीलिंग क्यों की जा रही है ? तो फिर सरकार व्यापारियों को क्यों परेशान कर रही है ?

अतः आप सभी व्यापारी भाईयों से हमारा अनुरोध है कि **मंगलवार दिनांक 23 जनवरी 2018 को अपनी–अपनी दुकानें/प्रतिष्ठानें बन्द रखकर** इसको सफल बनायें क्योंकि अगर हम अब ढीले पड़ गये तो फिर हमें बर्बाद होने से कोई नहीं रोक सकता। इस समय व्यापारी एकता, और दृढ़ता ही हमें सफलता दिलवा सकती है।

साथियों, कल मंगलवार को आपकी संस्था के प्रतिनिधि मार्किट में आऐंग जो दुकानें खुली होगी उनका नाम नोट किया जाऐगा और सरकूलर द्वारा प्रकाशित किया जाऐगा।

बहुत से व्यापारी भाई हमारी संस्था के सदस्य नहीं है इसलिए अपमा सदस्यों से निवेदन करते है अपने पड़ोसी, गलियों में दुकानें बन्द करने की पुरजोर कोशिश करें कल का हमारा संकल्प निर्णय ही हमें सिलिंग से निजात दिलवा सकता है।

आओ! मिलकर, संकल्प लें कि जब तक दिल्ली के एक–एक व्यापारी के सिर से सीलिंग की तलवार हट नहीं जाती, तब तक हम चैन से न बैठेंगे, और न सरकार को ही बैठने देंगे।

निवेदक :–

(विष्णु भार्गव)	(सतबीर सिंह रेखी)	(जसपाल सिंह मनचंदा)
महासचिव	महासचिव	महासचिव
A.P.M.A.	A.G.T.W.A.	D.M.T.A.